Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# लोनिवि मंत्री ने की 119.76 लाख की सड़कों का किया शिलान्यास

**शिलान्यास**

## सतपाल महाराज ने बरसुण्ड देवता से की उत्तराखंड के चंहुमुखी विकास की प्रार्थना

**संवाददाता**

पोखडा (पौडी)। प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, धर्मस्व, संस्कृति मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग की 1 करोड़ 19 लाख 76 हजार की सड़कों का शिलान्यास किया। प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, धर्मस्व, संस्कृति मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड पोखडा के अंतर्गत 4 किलोमीटर लम्बे कुण्जखाल–बरसुण्ड देवता मोटर मार्ग लागत 109.76 लाख और 10 लाख की धनराशि से बनने वाले बडोलगांव से कोलाखाल–जजेडी मोटर मार्ग मोटर मार्ग का शिलान्यास का शिलान्यास किया।



शिलान्यास के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मैं बोलते हुए प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री और स्थानीय विधायक सतपाल महाराज ने बरसुण्ड देवता से प्रार्थना करते हुए कहा कि उत्तराखंड का चौमुंखी विकास हो इसी उद्देश्य को लेकर सरकार लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आज बड़ी प्रसन्नता का दिन है कि बड़े लंबे लंबे संघर्ष के बाद इस मोटर मार्ग का शिलान्यास करने का शुभ अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र हमेशा से विकास के लिए जूझता रहा है।पहले यह विधानसभा क्षेत्र पौडी का अंतिम छोर हुआ करता था, इसलिए यहां किसी का ध्यान नहीं गया।

महाराज ने कहा कि कोलागाड के बहुत से मेधावी लोग दिल्ली में ऊंचे पदों पर हैं। पहले किसी को भी इस क्षेत्र की अधिक जानकारी नहीं थी। जब अमृता रावत जी मंत्री बनी तो हमें यहां आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, क्षेत्र के पिछड़ेपन का पता चला। तभी से क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए हम लगातार प्रयासरत रहे हैं। श्री महाराज ने कहा कि वह बहुत छोटे थे जब वह एक बार अपनी नानी के यहां नैलगांव आए। उन्हें पता चला कि गांव में सड़क आ रही है लेकिन उस समय बहुत से लोगों ने सड़क का विरोध किया था। लोगों को भय था कि यदि उनके पुंगडे (खेत) चले जाएंगे तो वह खाएंगे क्या? लेकिन जैसे जैसे लोगों को सड़क के महत्व का पता चला उन्होने सड़क के लिए आवाज उठानी शुरू की। फिर वन विभाग की वजह से सड़क का निर्माण अधर में लटका रहा। लेकिन आज प्रसन्नता है कि इस सड़क का शिलान्यास मेरे द्वारा किया जाता है।

## न्यूज डायरी

### हल्द्वानी आगमन पर पीएम मोदी करेंगे कुमाऊं में एम्स का शिलान्यास: सीएम

**संवाददाता** देहरादून। आगामी 30 दिसंबर को अपने हल्द्वानी दौरे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एम्स का शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को पिथौरागढ़ में यह जानकारी दी।

उन्होंने गंगोलीहाट में 21 करोड़ 57 लाख 7 हजार की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री से ऋषिकेश की तरह ही कुमाऊं मंडल के लिए एम्स का आग्रह किया था। जिसे स्वीकार करते हुए उन्होंने सहमति दी और अब 30 दिसंबर को हल्द्वानी आगमन पर प्रधानमंत्री कुमाऊं में एम्स का शिलान्यास करेंगे। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में काशी, अयोध्या, मथुरा, बदरीनाथ और केदारनाथ आदि मंदिरों का निर्माण व पुनर्निर्माण किया जा रहा है।

### तहसील में लोंगो को भारी परेशानी का करना पड़ रहा है सामना

**संवाददाता** पुरोला। राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षको के कलमबंद हड़ताल आज पांचवे दीन भी जारी रही। हडताल पर जाने के कारण मोरी व पुरोला तहसील में लोंगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजस्व निरीक्षक व राजस्व उप निरीक्षक चार सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। तहसील में धरना–प्रदर्शन करते हुए अपनी मांग पूरी न होने तक आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया है। पर्वतीय राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक एवं राजस्व सेवक संघ उत्तराखंड के बैनर तले मोरी व पुरोला ब्लाक में कार्यरत राजस्व निरीक्षक व राजस्व उप निरीक्षक चार सूत्रीय मांग को लेकर कलमबंद हड़ताल पर चले गए है।

### स्टॉक कम समय में 150 प्रतिशत से अधिक का जबरदस्त रिटर्न देते हुए प्रगति के पथ पर

**संवाददाता** हरिद्वार। सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग में सेवाएं और प्रमुख समाधान प्रदान करने में लगे बीएसई सूचिबद्ध डेसिफर लैब्स लिमिटेड,(बीएसई कोडरू 524752 ) के निदेशक मंडल ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को सूचित किया है कि यह विस्तार लक्ष्यों की दिशा में आक्रामक रूप से काम कर रहा है और फार्मा एवं सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में व्यवसायों के अधिग्रहण के विकल्पों सहित कंपनी के कारोबार के विस्तार के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का और विस्तार करने के उद्देश्य से, कंपनी, अपनी सहायक कंपनी के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वर्चुअल रियलिटी और ऑगमेंटेड रियलिटी स्पेस (जो वर्तमान में मेटावर्स स्पेस के रूप में प्रचलित है), में प्रवेश करना चाह रही है।

## उत्तराखंड में सामने आए ओमिक्रोन के तीन नए मामले

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रोन के मामले उत्तराखंड में बढ़ने लगे हैं। सोमवार को तीन और मरीजों में ओमिक्रोन की पुष्टि हुई है। इनमें दो मामले देहरादून और एक हरिद्वार जिले में आया है। राज्य में अब तक चार मरीजों में ओमिक्रोन की पुष्टि हो चुकी है। ओमिक्रोन के बढ़ते मामलों के बीच स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों को अलर्ट जारी किया है। पुलिस, प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम गठित कर होम आइसोलेशन, क्वारंटाइन, कंटेनमेंट जैसी गतिविधियों को प्रभावी तौर पर अमल में लाने के निर्देश दिए गए हैं।

इस संबंध में स्वास्थ्य महानिदेशक डा. तृप्ति बहुगुणा ने बताया कि यमन से रुड़की आए 28 वर्षीय व्यक्ति में ओमिक्रोन की पुष्टि हुई है। पाजिटिव मरीज को आइसोलेट कर आवश्यक कदम उठाए गए हैं। इसके अलावा देहरादून के राजपुर रोड निवासी बुजुर्ग दंपती (74 वर्षीय पुरुष व 65 वर्षीय महिला) भी ओमिक्रोन संक्रमित मिले हैं। वह दिल्ली में दुबई से लौटे ओमिक्रोन संक्रमित स्वजन के संपर्क में आए थे। स्वास्थ्य महानिदेशक ने बताया कि बीती 11 दिसंबर को लंदन से देहरादून आयी पहली अंतरराष्ट्रीय 34 वर्षीय महिला यात्री की कोविड रिपोर्ट ओमिक्रोन वैरिएंट के लिए निगेटिव आई है।

बता दें, इससे पहले स्काटलैंड से लौटी दून के कांवली रोड निवासी 23 वर्षीय युवती में भी ओमिक्रोन की पुष्टि हो चुकी है। युवती के माता–पिता भी कोरोना संक्रमित हैं। उनकी जीनोम सीक्वेंसिंग की रिपोर्ट आनी अभी बाकी है।



### सीएम ने हाट कालिका माता के दर्शन कर पूजा–अर्चना की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को गंगोलीहाट, पिथौरागढ़ में हाट कालिका माता के दर्शन किये एवं पूजा–अर्चना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सुख–समृद्धि की कामना भी की।

## 300 अधिक महिला,बुर्जगों व बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर निशुल्क दवाएं की गई वितरीत

**संवाददाता** पुरोला। सतलुज जल विद्युत परियोजना मोरी के सौजन्य से हेल्पस इंडिया संस्था ने मोरी नेटवाड,बेनोल गांव में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर लगाकर 300 अधिक महिला,बुर्जगों व बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर सभी को निशुल्क दवाएं वितरीत कर स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए।

शिविर में जुखाम,खांसी,बुखार वायरल सहित विभिन्न सामान्य बीमारियों का परीक्षण कर उचित सलाह व दवाई दी गई। आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ परियोजना के एसके सिंह ने किया, शिविर में 107महिला व बुर्जगों के नेत्रों की जांच कर चश्में वितरीत किए गये जबकि



271 की स्त्री रोग,बाल रोग व हदय रोग विशेषज्ञों ने जांच की।

परियोजना प्रमुख एसके सिंह ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य परियोजना क्षेत्र के महिला,बुर्जगों व बच्चों के स्वस्थ रखनें व कुशल स्वास्थ्य को लेकर चिंता करनें,समय समय पर शिविर लगाकर जांच कर निशुल्क दवाएं वितरीत करना है। शिविर में इंडियन हेल्पस के विशेषज्ञ मुख्य चिकित्सकों ने बताया कि सैकड़ों महिलाओं,बच्चों की जांच में कुपोषण व खून की कमी के लक्षण हैं।

### याचियों को परीक्षा में प्रतिभाग करने का आयोग को हाईकोर्ट ने दिए निर्देश

**संवाददाता** नैनीताल। हाई कोर्ट ने लोक सेवा आयोग की ओर से जारी उत्तराखण्ड अपर सिविल सेवा (डिप्टी कलेक्ट्रेट) की परीक्षा में उम्र के आधार पर बाहर हो रहे चार अभ्यर्थियों के मामले पर सुनवाई की। कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश संजय कुमार मिश्रा व न्यायमूर्ति एनएस धानिक की खण्डपीठ ने मामले को सुनने के बाद उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग को निर्देश दिए है कि इन अभ्यर्थियों के फार्म तीन दिन के भीतर जमा करवाएं और उनको परीक्षा में प्रतिभाग करने के मौका दें। मंगलवार को फार्म जमा करने की अंतिम तिथि है। गढ़वाल के हितेश नौटियाल, गुलफाम अली, अनूप कुमार तिवारी और हरेंद्र सिंह रावत ने अलग अलग याचिका दायर कर कहा है कि उत्तराखण्ड अपर सिविल सेवा की परीक्षा के लिए उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग ने विज्ञप्ति जारी की है जिसमे फार्म भरने की अधिकतम उम्र 42 साल रखी हुई है। फार्म भरने की अंतिम तिथि 28 दिसम्बर 2021 रखी है।